**आकाशवाणी शिमला**

**17.10.2025 / प्रादेशिक समाचार / 15:00 बजे**

## रोजगार मेला

देशभर में 24 अक्तूबर को रोजगार मेले का आयोजन किया जाएगा। इस दौरान प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से नव नियुक्त युवाओं को संबोधित करेंगे। इधर शिमला स्थित आलू अनुसंधान केन्द्र में भी रोजगार मेला आयोजित किया जाएगा। रोजगार मेले के दौरान विभिन्न विभागों में नवनियुक्त युवाओं को नियुक्ति पत्र भी वितरित किए जाएंगे। इससे पहले देश में इस तरह के 16 रोजगार मेलों का आयोजन किया जा चुका है, जो रोज़गार सृजन को सर्वोच्च प्राथमिकता देने की प्रधानमंत्री की प्रतिबद्धता को पूरा करने की दिशा में एक पहल है। देशभर में रोज़गार मेलों के माध्यम से अब तक 10 लाख से अधिक नियुक्ति पत्र जारी किए जा चुके हैं। ये नियुक्तियां केंद्र सरकार के विभिन्न मंत्रालयों और विभागों में हो रही हैं। देशभर से चुने गए नए कर्मचारी रेल मंत्रालय, गृह मंत्रालय, डाक विभाग, स्वास्थ्य व परिवार कल्याण मंत्रालय, वित्तीय सेवा विभाग, श्रम व रोज़गार मंत्रालय सहित अन्य विभागों और मंत्रालयों में शामिल होंगे।

## जीएसटी

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा घोषित जीएसटी बचत उत्सव का समाज के सभी वर्गों को लाभ मिल रहा है। ये उत्सव पिछले महीने की 22 तारीख से शुरू हुआ है। प्रदेश के विभिन्न वर्गों के लोगों ने अगली पीढ़ी के जीएसटी सुधारों को फायदेमंद बताया है। शिमला निवासी मंगत राम ने बताया कि जीएसटी सुधारों के बाद उन्हें अब वाहन खरीदने पर काफी फायदा होगा।

***मेरा नाम मंगत राम है। मैं शिमला का रहने वाला हूं। मैं भी काफी समय से जीएसटी खरीदने की सोच रहा हूं, लेकिन जिस तरह से जीएसटी काफी ज्यादा बढ़ रहा था लेकिन अब जीएसटी कम हुआ है और इससे मेरा विचार जल्द ही गाड़ी खरीदने का बन रहा है और जीएसटी कम होने से मेरा कम से कम 80 हजार बच रहा है।***

इसके अलावा सुभाष वर्मा ने बताया कि दवाइयों में जीएसटी की छूट से मरीजों को पहले से काफी सस्ती दवाइयां मिल रही हैं।

***बहुत राहत मिली है, खासकर क्रॉनिक डीजिज, या कैंसर की बीमारियों में ना के बराबर जीएसटी हैं और इसके अलावा भी कई अन्य प्रकार की बीमारियों के लिए जो दवा इस्तेमाल होती है, उसमें भी जीएसटी घटा है। अब इलाज सस्ता हुआ है, दवाइयों के रेट घटे हैं। बहुत अच्छी पहल है सरकार की और स्वागत योग्य कदम है।***

## पैंशनर

हिमाचल प्रदेश के पैंशनरों ने लंबित वित्तीय देनदारियों को लेकर सरकार के खिलाफ मोर्चा खोल दिया है। पैंशनर संयुक्त संघर्ष समिति ने आज शिमला में एरियर, डीए और मेडिकल बिलों का भुगतान न होने पर सरकार के खिलाफ जमकर नारेबाजी की। पेंशनरों का कहना है कि उम्र के इस पड़ाव ने उन्हें अपने अधिकारों के लिए सड़कों पर उतरना पड़ रहा है जबकि आज से पहले ऐसा कभी नहीं हुआ था। उन्होंने कहा कि दो दिन पहले सरकार ने 3 फ़ीसदी डीए दिया है जबकि 16 फीसदी लंबित था और इसमें में चार फीसदी की किस्त जारी की जानी चाहिए थी लेकिन एक फीसदी का इसमें सरकार ने झोल कर दिया। समिति के सदस्यों ने कहा कि हिमाचल में कर्मचारियों और पैंशनरों का सरकार बनाने में बड़ा योगदान रहता है ऐसे में सुक्खू सरकार को पैंशनरों की अनदेखी भारी पड़ेगी।

**दिवाली**

प्रदेश में दीपावली पर्व को लेकर बाजारों में रौनक देखने को मिल रही है। दीपावली पर्व पर बाहरी राज्यों से त्यौहार मनाने लौट रहे प्रदेश के लोगों की सुविधा के लिए हिमाचल पथ परिवहन निगम आज से विशेष बस सेवाएं संचालित कर रहा है। 19 अक्तूबर तक दिल्ली, चंडीगढ़ और बद्दी से प्रदेश के विभिन्न स्थानों के लिए 257 बसें चलाई जाएंगी। इस बीच त्यौहारी सीजन को देखते हुए खाद्य सुरक्षा विभाग, अग्निशमन व पुलिस विभाग भी पूरी तरह सतर्क है। संबंधित विभाग के अधिकारियों ने लोगों से आहवान किया कि वे पटाखे चलाते व बेचते समय प्रशासन के दिशा निर्देशों का सख्ती से पालन करें।